>

Title: Issue regarding land acquisition in Daman and Diu.

श्री लालूभाई बाबूभाई पटेल (दमन और दीव): सभापति जी, मैं अपने संसदीय क्षेत्र दमन में, वहां के निवासियों के विरोध के बावजूद किए जाने वाले जमीन अधिग्रहण की ओर आपका ध्यान दिलाना चाहता हूँ। दमन एक छोटी सी जगह है, जिसका एरिया लगभग 72 स्क्वॉयर किमी है। यहां पर जो स्थापित एयर पोर्ट है, उसका विस्तार करने के लिए कोस्ट गार्ड द्वारा कथीरिया, मरवड़, दलवाड़ा, डूनैठ, बीमपुर, कड़ैया इत्यादि गांवों की जमीन का जबरदस्ती अधिग्रहण किया जा रहा है। इस भूमि अधिग्रहण से पूरे छोटे दमन की समाप्त होने की संभावना है। इससे वहां के लोगों में भारी आक्रोश है। दमन दो भागों में बंटा है - छोटा दमन और बड़ा दमन। यह छोटे दमन का हिस्सा है। यदि यहां जमीन का अधिग्रहण होता है तो छोटे दमन के लोगों को भयंकर परेशानी होगी। यहां पर सभी लोगों के आवास और खेती है। यहां के निवासी कई सौ वर्षों से यहां पर रह रहे हैं। पूर्वजों के समय से खेती हो रही है। इस जमीन का अधिग्रहण न हो इसके लिए स्थानीय सांसद अर्थात मेरे द्वारा भी प्रयास किए जा रहे हैं। यहां की जनता की इच्छा है कि इस समय जो पहले से एयरपोर्ट यहां पर है, वहीं रहेगा। इसके अलावा एक इंच जमीन नहीं मिलेगी। इसका और विस्तार नहीं होगा। **...**(व्यवधान)